# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ % 2231562, वेबसाईट : **https://bsea.bihar.gov.in,** ई-मेल : **bseapatna@gmail.com**


पत्रांक : नि॰ प्रा॰/नि॰ 1–17/2026 2352 /पटना, दिनांक: 12/10/2026

प्रेषक,

**कयूम अंसारी,**
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰),**
**उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स॰ स॰),**
पटना एवं सारण।

**प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰),**
पटना सदर (पटना), मढ़ौरा (सारण)।

विषय : **बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के अधीन निबंधित विशेष प्रकार की समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

प्रसंग : प्राधिकार का पत्रांक 2329 दिनांक 08.10.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 2329 दिनांक 08.10.2026 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा कुल 06 (छः) विशेष प्रकार की समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्त पत्र के अनुलग्नक–1 में अंकित 06 (छः) विशेष प्रकार की समितियों के अतिरिक्त निम्न 03 (तीन) विशेष प्रकार की समितियों का नाम अनुपूरक सूची के रूप में शामिल किया जाता है:–

| क्र॰ | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 07. | पटना | पटना सदर | एम॰ऑइ॰जी॰ कॉलोनी सहकारी उपभोक्ता भंडार लि॰ | |
| 08. | सारण | मढ़ौरा | मढ़ौरा सहकारी चावल मील समिति लि॰, तेजपुरवा | |
| 09. | सारण | मढ़ौरा | मढ़ौरा सहकारी शीतताप भंडार लि॰, तेजपुरवा | |

2. अनुपूरक सूची में शामिल उक्त समितियों के मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम प्राधिकार के पत्रांक 2329 दिनांक 08.10.2026 के अनुरूप रहेगा। प्रासंगिक पत्र की शेष बातें यथावत रहेंगी।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

विश्वासभाजन
12.10.26
**(कयूम अंसारी)**
संयुक्त सचिव

P.T.O.

ज्ञापांक : 2352 /पटना, दिनांक 12/10/2026

प्रतिलिपिः जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना एवं सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृपया स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

2. साथ ही निदेश है कि कट–ऑफ तिथि के आधार पर समिति से निर्धारित तिथि को प्रपत्र–एम 1 में सदस्यता सूची प्राप्त करने की व्यवस्था अपने स्तर से भी सुनिश्चित करेंगे।

12.10.26

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 2352 /पटना, दिनांक : 12/10/2026

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, पटना एवं सारण को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.10.26

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 2352 /पटना, दिनांक : 12/10/2026

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.10.26

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 2352 /पटना, दिनांक : 12/10/2026

प्रतिलिपिः प्रमुख स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

12.10.26

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 2352 /पटना, दिनांक : 12/10/2026

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/परामर्शी/अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.10.26

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 2352 /पटना, दिनांक : 12/10/2026

प्रतिलिपिः MIS कोषांग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। श्री वेद प्रकाश, आई. टी. प्रोफेशनल, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को निदेश है कि इस कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

12.10.26

**संयुक्त सचिव**